# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–20 अक्टूबर 2024 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वाराणसी जिले से छह हजार एक सौ करोड रूपये से अधिक की लागत वाली परियोजनाओं की सौगत दिया। जनपद के सिगरा स्टेडियम में हुए कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने लगभग दो हजार आठ सौ सत्तर करोड रूपये की लागत वाली वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की हवाई पट्टी के विस्तार और नये टर्मिनल भवन के निर्माण तथा संबंधित कार्यों की आधारशिला रखी।

उन्होंने आगरा, दरभंगा और बागडोगरा हवाई अड्डे पर नए सिविल एन्क्लेव, रीवा हवाई अड्डे, माँ महामाया हवाई अड्डे, अंबिकापुर और सरसावा हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवनों का वर्चुअल माध्यम से उद्‌घाटन किया। इसके अलावा उन्होंने प्रधानमंत्री खेलो इंडिया योजना और स्मार्ट सिटी मिशन के तहत दो सौ दस करोड़ रुपये से अधिक की लागत से वाराणसी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के पुनर्विकास के चरण दो और तीन का भी उद्‌घाटन किया।

इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी परियोजनाएं नौजवानों के लिए रोजगार के अनेक अवसर लेकर आई हैं। उन्होंने विकास परियोजनाओं के लिए काशीवासियों के साथ साथ देशवासियों को ढेर सारी बधाई दी।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वाराणसी में अत्याधुनिक सुविधाओं वाले शंकरा नेत्र चिकित्सालाय का भी उद्‌घाटन किया । वाराणसी का यह अस्पताल देश में शंकर नेत्रालय का 14वां अस्पताल है, जो हर वर्ष सबसे गरीब मरीजों की 30,000 से अधिक सर्जरी करने में सक्षम है। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आरजे शंकरा नेत्र अस्पताल वाराणसी और इस क्षेत्र के अनेकों लोगों के जीवन से अंधकार दूर करेगा । यह नेत्र चिकित्सालय न केवल बुजुर्गों के लिए उपयोगी होगा, बल्कि बच्चों के लिए भी नेत्र चिकित्सा में वरदान साबित होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्षों में देश में स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य में काफी बदलाव आया है और विशेषकर काशी अब न केवल पूर्वांचल बल्कि पूरे देश के प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र के रूप में प्रसिद्ध हो रहा है। उन्होंने कहा उनकी सरकार अगले पांच वर्षों में 75 हजार और मेडिकल सीटें जोड़ने जा रही है।

इस मौके पर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कांची कामकोटि पीठम तमिलनाडु के जगदगुरु श्री शंकर विजयेंद्र सरस्वती भी मौजूद रहे।

**********

अयोध्या स्थित राम की पैड़ी पर इस वर्ष भी भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद इस पहले दीपोत्सव में पिछले वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ने का प्रयास होगा। इसके लिए नोडल विभाग डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय तैयारियों में जुटा हुआ है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर प्रतिभा गोयल ने आज अपने वरिष्ठतम् सहयोगियों के साथ दीपोत्सव से जुड़े सभी स्थलों का निरीक्षण किया । उधर, राम की पैड़ी पर दीप बिछाने के लिए मार्किंग का काम अंतिम चरण में है।

**********

दीपावली और छठ पूजा के मद्देनजर उत्तरी और पूर्वी राज्यों की यात्रा करने वाले यात्रियों की भीड़ को देखते हुए मध्य रेलवे ने मुंबई, पुणे और नागपुर सहित महाराष्ट्र के विभिन्न स्टेशनों से पांच सौ सत्तर विशेष रेलगाडियां चलाने की घोषणा की है। यह जानकारी सेन्ट्रल रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला ने आकाशवाणी से बातचीत में दी। यात्री इन रेलगाडियों की पूरी समय सारणी डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट इंक्वायरी डॉट इंडियनरेल डॉट जीओवी डॉट इन पर देख सकते हैं।

**********

आज करवा चौथ का पर्व पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। महिलाएं निर्जला उपवास रख भगवान शिव और मां पार्वती का पूजन अर्चन कर रही हैं। पर्व के कारण आभूषण और कपड़े के बाजारों में आज भी भीड़भाड़ रही। अबसे थोड़ी देर बाद चांद देख कर व्रती महिलाएं जल ग्रहण करेंगी। आज के दिन व्रती सुहागिन महिलाएं अपने पति के लंबी आयु की कामना करती हैं।

**********

पूर्वी उत्तर प्रदेश में आज हुईं दो अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गये। अयोध्या जिले के बाबा बाजार थानाक्षेत्र में बाबा बाजार पावर हाउस के पास आमने सामने से हुई दो मोटर साइकिल की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। वहीं, मिर्जापुर जिले के मड़िहान थाना क्षेत्र में वन रेंज कार्यालय के पास आज सुबह एक मोटरसाइकिल सामने जा रही ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गयी। इस दुर्घटना में दादा और पौत्र की मृत्यु हो गई, जबकि बहू घायल हो गई।

**********

आज अंतरराष्ट्रीय वायु यातायात नियंत्रक दिवस है। पहली बार यह दिवस 20 अक्टूबर 2012 को मनाया गया था और उसके बाद प्रत्येक वर्ष इसी तारीख को यह दिवस मनाया जाता है। यह दिवस विमानन उद्योग के उन नायकों को याद करने का दिन है, जो लोगों की हवाई यात्रा को सुरक्षित और कुशल बनाना सुनिश्चित करते हैं।

**********